**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2907**
**(10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**एनएसएपी के अंतर्गत लाभार्थी**

**2907. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनवरी 2026 की स्थिति के अनुसार, दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) की विभिन्न उप-योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या कितनी है;
(ख) क्या दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र लाभार्थियों को संतोषजनक ढंग से चिह्नित किया जा रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में पेंशन राशि बढ़ाने या कवरेज का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र को वीबी जी-राम जी योजना के प्रारंभिक चरण में शामिल किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या मनरेगा से वीबी जी-राम जी में परिवर्तन के दौरान दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कोई प्रायोगिक मूल्यांकन किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) क्या यह सुनिश्चित किया गया है कि उक्त परिवर्तन अवधि के दौरान दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में श्रमिकों को उनकी मजदूरी का समय पर भुगतान मिले और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

**(क)** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) देश भर में, दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए योजना-वार लाभार्थियों की संख्या पर सीमा/उच्चतम सीमा के साथ 3.09 करोड़ बीपीएल लाभार्थियों की देखभाल करता है।

मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधि जारी करता है और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र आगे लाभार्थियों को निधि जारी करते हैं। लाभार्थियों की संख्या की योजना-वार और राज्य-वार उच्चतम सीमा **अनुबंध** में दी गई है।

**(ख)** एनएसएपी के अंतर्गत, पात्र लाभार्थियों की पहचान ग्राम पंचायतों और नगरपालिकाओं द्वारा योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाती है। स्थानीय निकाय पात्र व्यक्तियों की सक्रिय रूप से पहचान करने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। आवेदनों का सत्यापन निर्दिष्ट राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्राधिकरणों द्वारा पात्रता मानदंडों के संदर्भ में किया जाता है और सक्षम प्राधिकरण द्वारा अनुमोदन से पहले आवेदकों की सूची ग्राम सभा/वार्ड सभा में विचार-विमर्श के लिए रखी जाती है।

**(ग)** वर्तमान में, एनएसएपी के अंतर्गत कवरेज/सहायता दर में संशोधन हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**(घ)** वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 अधिनियमित किया जा चुका है। यह अधिनियम अभी प्रारंभ होना शेष है। प्रारंभ होने पर, अधिनियम के प्रावधान दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के सभी ग्रामीण क्षेत्रों पर लागू होंगे।

**(ङ)** चूंकि वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 अभी प्रारंभ होना शेष है, अतः महात्मा गांधी नरेगा योजना से वीबी-जी राम जी में अंतरण के लिए मूल्यांकन अध्ययन का प्रश्न अभी नहीं उठता।

**(च)** चूंकि वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 अभी प्रारंभ होना शेष है, अतः महात्मा गांधी नरेगा योजना दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर में लागू हो रही है। इसके अतिरिक्त, सरकार पात्र श्रमिकों को मजदूरी भुगतान या रोजगार के अवसरों में व्यवधान उत्पन्न किए बिना एक सुचारु अंतरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक नियम और अंतरणकालीन प्रावधान तैयार करने की प्रक्रिया में है।

*****

**अनुबंध**

**"एनएसएपी के अंतर्गत लाभार्थी" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 10.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2907 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध**

**एनएसएपी के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या की योजना-वार और राज्य-वार उच्चतम सीमा**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आईजीएनओएपीएस | आईजीएनडब्ल्यूपीएस | आईजीएनडीपीएस | एनएफबीएस | अन्नपूर्णा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 663736 | 246832 | 24412 | 10906 | 54354 |
| 2 | बिहार | 3157256 | 635091 | 127100 | 35859 | 166600 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 644429 | 203628 | 32085 | 12801 | 24196 |
| 4 | गोवा | 7308 | 5886 | 466 | 225 | 420 |
| 5 | गुजरात | 620548 | 276078 | 20327 | 10695 | 35377 |
| 6 | हरियाणा | 259865 | 70808 | 16583 | 4154 | - |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 93178 | 21974 | 853 | 684 | 2644 |
| 8 | झारखंड | 985094 | 266077 | 26349 | 14148 | 54939 |
| 9 | कर्नाटक | 899422 | 452027 | 44825 | 18312 | - |
| 10 | केरल | 458813 | 368358 | 19285 | 4358 | 36904 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 1575079 | 546920 | 101470 | 30826 | |
| 12 | महाराष्ट्र | 1122920 | 80725 | 9322 | 34987 | 108000 |
| 13 | ओडिशा | 1418631 | 525045 | 90283 | 24697 | 64800 |
| 14 | पंजाब | 112955 | 19294 | 5982 | 2673 | - |
| 15 | राजस्थान | 823972 | 315048 | 30513 | 12347 | 47500 |
| 16 | तमिलनाडु | 1282504 | 574258 | 64096 | 18445 | 66388 |
| 17 | तेलंगाना | 480315 | 180720 | 20578 | 7794 | 38846 |
| 18 | उत्तर प्रदेश | 4722613 | 1025236 | 85773 | 73075 | - |
| 19 | उत्तराखंड | 204557 | 23898 | 2880 | 4808 | - |
| 20 | पश्चिम | 1281159 | 726172 | 59941 | 21553 | 65068 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बंगाल | | | | | |
| 21 | अरुणाचल प्रदेश | 5893 | 288 | 112 | 346 | 1840 |
| 22 | असम | 695997 | 119955 | 34579 | 8524 | 25308 |
| 23 | मणिपुर | 55891 | 7075 | 1005 | 669 | 3320 |
| 24 | मेघालय | 55734 | 8024 | 1558 | 781 | 3580 |
| 25 | मिजोरम | 24524 | 2278 | 722 | 197 | 1000 |
| 26 | नागालैंड | 45941 | 3827 | 1011 | 535 | 2600 |
| 27 | सिक्किम | 16928 | 1469 | 457 | 175 | 960 |
| 28 | त्रिपुरा | 135232 | 17537 | 2131 | 984 | 5740 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 585 | 3 | 2 | 86 | 560 |
| 30 | चंडीगढ़ | 2378 | 2486 | 100 | 80 | 440 |
| 31 | दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव | 8754 | 2109 | 310 | 119 | 358 |
| 32 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 113824 | 36361 | 4635 | 2270 | 8040 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 130298 | 7631 | 2465 | 323 | 10220 |
| 34 | लद्दाख | 6486 | 443 | 219 | 112 | 7260 |
| 35 | लक्षद्वीप | 155 | 87 | 51 | 9 | 60 |
| 36 | पुदुच्चेरी | 17713 | 9821 | 1271 | 283 | 1580 |
| **कुल योग** | | **22130687** | **6783469** | **833751** | **358840** | **831642** |

*****